PEARSON
edurite

**Series SMA**

कोड नं. **66/1**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक अध्ययन

# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

PEARSON
edurite

***सामान्य निर्देश :***

(i) ***1*** *अंक वाले प्रश्नों के उत्तर* ***एक शब्द*** *से* ***एक वाक्य*** *तक हों ।*

(ii) ***3*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर* ***50 – 75*** *शब्दों के हों ।*

(iii) ***4 – 5*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***150*** *शब्दों के हों ।*

(iv) ***6*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***200*** *शब्दों के हों ।*

(v) *एक प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए ।*

***General Instructions :***

(i) *Answers to questions carrying* ***1*** *mark may be from* ***one word*** *to* ***one sentence.***

(ii) *Answers to questions carrying* ***3*** *marks may be from* ***50 – 75*** *words.*

(iii) *Answers to questions carrying* ***4 – 5*** *marks may be about* ***150*** *words.*

(iv) *Answers to questions carrying* ***6*** *marks may be about* ***200*** *words.*

(v) *Attempt all parts of a question together.*

**1.** योजना के उस प्रकार का नाम बताइए जो किसी संस्थान के व्यवसाय की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत करती है । *1*

Name the type of plan which provides the broad contours of an organisation's business.

**2.** 'नियोजन से सदैव सफलता ही मिलती है ।' क्या आप इससे सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । *1*

'Planning always leads to success.' Do you agree ? Give reason in support of your answer.

**3.** प्रबंध की उस प्रकृति को पहचानिए जब उसे इच्छित परिणामों को प्राप्त करने के लिए वर्तमान ज्ञान को व्यक्तिगत योग्यतानुसार उपयोग में लाया जाता है । *1*

Identify the nature of management when it is practised as personal application of existing knowledge to achieve desired results.

**4.** प्रबन्ध के उस स्तर का नाम बताइए जिस पर प्रबन्धक संगठन में योजनाओं एवं व्यूह-रचनाओं को क्रियान्वित एवं नियन्त्रित करने के लिए उत्तरदायी होते हैं । *1*

Name the level of management at which the managers are responsible for implementing and controlling the plans and strategies of the organisation.

5. नियुक्तिकरण की प्रक्रिया के एक सोपान के रूप में 'अनुस्थापन' का अर्थ बताइए । *1*

Give the meaning of 'Placement' as a step in the process of staffing.

6. 'सम्प्रेषण' को परिभाषित कीजिए । *1*

Define 'communication'.

7. भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) के किसी एक 'विकासात्मक कार्य' का उल्लेख कीजिए । *1*

State any one 'Developmental function' of Securities and Exchange Board of India (SEBI).

8. भारतीय अधिप्रतिदावा पटल शेयर बाज़ार (ओवर द काउंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया) द्वारा प्रदान किए गए किसी एक लाभ का उल्लेख कीजिए । *1*

State any one advantage provided by Over The Counter Exchange of India.

9. उल्लेख कीजिए कि 'व्यवसाय द्वारा स्वयं-नियमन' किस प्रकार उपभोक्ता संरक्षण के साधन की भूमिका निभाता है । *1*

State how 'Self-regulation by business' acts as a means of Consumer Protection.

10. एक वाशिंग मशीन खरीदते समय एक नगद रसीद लेने के अतिरिक्त एक उपभोक्ता का कोई एक उत्तरदायित्व बताइए । *1*

Give any one responsibility of a consumer in addition to obtaining a cash receipt while purchasing a washing machine.

11. समझाइए प्रबन्ध के सिद्धान्त किस प्रकार :

(i) संसाधनों के इष्टतम उपयोग एवं प्रभावी प्रशासन में सहायक होते हैं, तथा

(ii) प्रबन्धकों को बदलते पर्यावरण की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता करते हैं । *3*

Explain how principles of management :

(i) help in optimum utilization of resources and effective administration, and

(ii) help the managers in meeting changing environment requirements.

**12.** कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण क्यों महत्त्वपूर्ण है ? किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए । *3*

Why is training important for the employees ? State any three reasons.

**13.** 'वित्तीय नियोजन' का क्या अर्थ है ? इसके महत्त्व के किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । *3*

What is meant by 'Financial Planning' ? State any two points of its importance.

**14.** मानसी स्कूल के छात्रों के जूते बनाने का कार्य करती है । उसने अधिकतम लाभ अर्जित करने के लिए बड़े स्तर पर उत्पादन एवं वितरण का निर्णय लिया जिससे उत्पादन की औसत लागत कम हो जाए । *3*

(i) मानसी द्वारा अपनाए गए विपणन-प्रबन्ध दर्शन को पहचानिए ।

(ii) निम्न आधार-बिन्दुओं पर इस दर्शन को समझाइए :

(अ) मुख्य केन्द्र-बिन्दु

(ब) साधन एवं उद्देश्य

Mansi, a shoe manufacturer for school students, decided to maximise her profit by producing and distributing at large scale and thereby reducing the average cost of production.

(i) Identify the Marketing Management philosophy adopted by Mansi.

(ii) Explain this philosophy on the basis of

(a) Main Focus

(b) Means and Ends

**15.** मास्लो के आवश्यकता-क्रम सिद्धान्त की किन्हीं तीन मान्यताओं को समझाइए । *3*

Explain any three assumptions of Maslow's need hierarchy theory.

**16.** वैज्ञानिक प्रबन्ध की उस तकनीक को समझाइए जो एक कर्मचारी को मानक मूल्यांकन तक पहुँचने के लिए सर्वाधिक मज़बूत अभिप्रेरक है । *4*

Explain that technique of scientific management which is the strongest motivator for a worker to reach standard performance.

**17.** प्रबन्ध के संगठन कार्य के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । *4*

State any four points of importance of organising function of management.

PEARSON
edurite

**18.** निवेश-सम्बन्धी निर्णय दीर्घकालीन भी हो सकते हैं तथा अल्पकालीन भी । दीर्घकालीन निवेश-सम्बन्धी निर्णय को समझाइए तथा उस निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजिए । *4*

Investment decision can be long-term or short-term. Explain long-term investment decision and state any two factors affecting this decision.

**19.** निम्नलिखित 'उपभोक्ता अधिकारों' को समझाइए : *4*

(अ) सूचना का अधिकार

(ब) क्षतिपूर्ति का अधिकार

Explain the following 'Rights of Consumers' :

(a) Right to be informed

(b) Right to seek redressal

**20.** अतुल एक संगठन में कार्य कर रहा है । प्रत्येक तीन महीने के पश्चात् उसका प्रबंधक उसे एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानान्तरित कर देता है ताकि वह संगठन के सभी विभागों की एक विस्तृत समझ प्राप्त कर सके ।
प्रशिक्षण की उस विधि का नाम बताते हुए उसे समझाइए जिसका अनुभव अतुल कर रहा है । *4*

Atul is working in an organisation. After every three months his manager transfers him from one department to another so that he may gain a broader understanding of all the departments of the organisation.
Name and explain the method of training Atul is undergoing.

**21.** समझाइए कि प्रबंध किस प्रकार 'कुशलता को बढ़ाता है' तथा 'समाज के विकास में सहायक होता है'। *5*

Explain how management 'increases efficiency' and 'helps in the development of society'.

**22.** ऐसे किन्हीं पाँच बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए जो यह स्पष्ट करते हैं कि व्यावसायिक पर्यावरण की समझ किस प्रकार प्रबन्धकों की सहायता करती है । *5*

State any five points which clarify how understanding of Business Environment helps the managers.

**23.** नियोजन की किन्हीं पाँच सीमाओं का उल्लेख कीजिए । *5*

State any five limitations of Planning.

**24.** प्रणव 'परिवहन-व्यवसाय' में संलग्न है । प्रणव की कार्यशील पूँजी की आवश्यकताओं को पहचानिए और अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । प्रणव अपने परिवहन-व्यवसाय का विस्तार एवं विविधीकरण भी करना चाहता है । ऐसे किन्हीं दो कारकों को समझाइए जो उसकी स्थायी पूँजी आवश्यकताओं को प्रभावित करेंगे । 5

Pranav is engaged in 'Transport-Business'. Identify the working capital requirements of Pranav stating the reason in support of your answer. Pranav also wants to expand and diversify his Transport-Business. Explain any two factors that will affect his fixed capital requirements.

**25.** किन्हीं पाँच आधारों पर 'विज्ञापन' एवं 'व्यक्तिगत विक्रय' में अन्तर्भेद कीजिए । 5

Differentiate between 'Advertising' and 'Personal Selling' on any five bases.

**26.** 'औपचारिक संगठन' का क्या अर्थ है ? 'औपचारिक संगठन' के किन्हीं तीन लाभों एवं किन्हीं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए । 6

**अथवा**

'अधिकार अंतरण से तात्पर्य उत्तरदायित्व तथा अधिकार को दूसरों के सुपुर्द करने तथा निष्पादन हेतु जिम्मेदारी के सृजन से है ।' इस कथन के संदर्भ में अधिकार अंतरण के आवश्यक तत्त्वों को पहचानिए तथा इन्हें समझाइए ।

What is meant by 'Formal Organisation' ? State any three advantages and any two limitations of 'Formal Organisation'.

**OR**

'Delegation is the entrustment of responsibility and authority to another and the creation of accountability for performance.' In the light of this statement identify and explain the essential elements of delegation.

**27.** 'नेतृत्व' का क्या अर्थ है ? एक अच्छे नेता के किन्हीं चार गुणों का वर्णन कीजिए । 6

**अथवा**

प्रबन्ध के एक कार्य के रूप में 'निर्देशन' का क्या अर्थ है ? इसके महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं का वर्णन कीजिए ।

What is meant by 'Leadership' ? Describe any four qualities of a good leader.

**OR**

What is meant by 'Directing' as a function of management ? Describe any four points of its importance.

PEARSON
edurite

28. 'बजटीय नियंत्रण' से क्या अभिप्राय है ? बजटीय नियंत्रण के किन्हीं पाँच लाभों का उल्लेख कीजिए । 6

अथवा

'नियन्त्रण' से क्या अभिप्राय है ? नियन्त्रण के महत्त्व पर प्रकाश डालने वाले किन्हीं पाँच बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए ।

What is meant by 'Budgetary Control' ? State any five advantages of Budgetary Control.

OR

What is meant by 'Controlling' ? State any five points highlighting the importance of Controlling.

29. 'स्टॉक एक्सचेंज' के किन्हीं चार कार्यों की व्याख्या कीजिए । 6

अथवा

'प्राथमिक बाज़ार' में नए निर्गमन के प्रवर्तन की किन्हीं चार विधियों की व्याख्या कीजिए ।

Explain any four functions of 'Stock Exchange'.

OR

Explain any four methods of floatation of new issue in the 'Primary Market'.

30. उपभोक्ता उत्पादों का वर्गीकरण विभिन्न आधारों पर किया जाता है । 'उत्पादों का टिकाऊपन' इनमें से एक है । इस श्रेणी के किन्हीं तीन प्रकार के उत्पादों की व्याख्या कीजिए । 6

अथवा

वस्तुओं को उत्पादकों से उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए भौतिक वितरण में कुछ घटक निहित हैं । इन घटकों की व्याख्या कीजिए ।

Consumer Products are classified on different basis. 'Durability of the Product' is one of them. Explain any three types of products in this category.

OR

Physical distribution includes some components for physically moving the goods from manufacturers to the customers. Explain these components.